Encl-03

संख्या- 2505/15-7-16 1364/1996

प्रेषक,

श्री अशोक गांगुली,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

सचिव,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद,
शिक्षा केन्द्र 2 सामुदाय केन्द्र
प्रीति विहार नई दिल्ली ।

शिक्षा (7) अनुभाग   लखनऊ: दिनांक: 13 अगस्त, 1996

विषय:- श्री गुरुनानक देव सिक्ख पब्लिक स्कूल नानकपुरी टाण्डा नैनीताल को सी०बी०एस०ई० नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री गुरुनानक देव सिक्ख पब्लिक स्कूल नानकपुरी टाण्डा नैनीताल [ऊधमसिंह] को सी०बी०एस०ई० नई दिल्ली से सम्बद्धता प्रदान किये जाने में इस राज्य सरकार को निम्नलिखित प्रतिबन्धों के अधीन आपत्ति नहीं है ।-

1- विद्यालय को xxxxxxxx/की पंजीकृत सोसाइटी का समय समय पर नवीनीकरण कराया जायेगा ।

2- विद्यालय की प्रबन्ध समिति में शिक्षा निदेशक द्वारा नामित एक सदस्य होगा ।

3- विद्यालय में कम से कम दस प्रतिशत स्थान अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के बच्चों के लिए सुरक्षित रहेंगे और उनसे उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में विभिन्न छात्रों के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क नहीं लिया जायेगा ।

4- संस्था द्वारा राज्य सरकार से किसी अनुदान की मांग नहीं की जायेगी और यदि पूर्व में विद्यालय माध्यमिक शिक्षा परिषद से बेसिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त है तथा विद्यालय की सम्बद्धता केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद/कौंसिल फार दि इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एक्जामिनेशन नई दिल्ली से प्राप्त होती है तो उक्त परीक्षा परिषदों से सम्बद्धता प्राप्त होने की तिथि से परिषद से मान्यता तथा राज्य सरकार से अनुदान स्वतः समाप्त हो जायेगी ।

5- संस्था शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को राजकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारियों को अनुमन्य वेतनमानों तथा अन्य भत्तों से कम वेतनमान तथा अन्य भत्ते नहीं दिये जायेंगे ।

6- कर्मचारियों की सेवा शर्तें बनायी जायेंगी और उन्हें सहायता प्राप्त अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के कर्मचारियों को अनुमन्य सेवा निवृत्तिक लाभ उपलब्ध कराये जायेंगे ।

MANAGER
Shri Guru Nanak Dev Sikh
Public School
Nanakpur (U.S. Nagar U.K.

Principal
Shri Guru Nanak Dev Sikh Public School
Nanakpuri Darau, U.S.Nagar (U.K.)

.....

7- राज्य सरकार द्वारा समय समय पर जो भी आदेश निर्गत किये जायेंगे, संस्था उनका पालन करेगी।

8- विद्यालय का रिकार्ड निर्धारित प्रपत्र/पंजिकाओं में रखा जायेगा।

9- उक्त शर्तों में राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन के बिना कोई परिवर्तन/संशोधन या परिवर्धन नहीं किया जायेगा।

2- प्रतिबन्ध यह भी होगा कि संस्था द्वारा मान्यता दिये जाने के पूर्व यह सुनिश्चित किया जाय कि -

1- एक लिपिक अधिवर्षता आयु के उपरान्त भी कार्यरत है उसे सेवारत न रखा जाय।

2- आगामी छः माह में विद्यालय द्वारा निर्धारित माप की विज्ञान प्रयोगशाला निर्मित करा ली जाय।

3- उक्त प्रतिबन्धों का पालन करना संस्था के लिए अनिवार्य होगा और यदि किसी समय यह पाया जाता है कि संस्था द्वारा उक्त प्रतिबन्धों का पालन नहीं किया जा रहा है अथवा पालन करने में किसी प्रकार की त्रुटि या शिथिलता बरती जा रही है तो राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण पत्र वापस ले लिया जायेगा।

भवदीय,

([illegible])
संयुक्त सचिव।

पृ0सं0 2605(1)/15-7-1996 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश लखनऊ।

2- मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, कुमायूँ मण्डल नैनीताल।

3- जिला विद्यालय निरीक्षक, (नैनीताल) ऊधमसिंह नगर।

4- निरीक्षक, आंग्ल भारतीय विद्यालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

5- प्रबन्धक, गुरुनानकदेव सिख पब्लिक स्कूल नानकपुरी ऊधमसिंह नगर।

आज्ञा से,

([illegible])
संयुक्त सचिव।

Shri Guru Nanak Dev Sikh Public School Nanakpur (U.S. Nagar U.K.

Principal
Nanak Dev Sikh Public School
U.S.Nagar (U.K.)